दिनांक 25, दिसम्बर, 2023

प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

दिनांक 25 दिसम्बर, 2023 को किसमस डे के अवसर पर कुल 10461 दर्शकों ने प्राणि उद्यान में भ्रमण किया। प्राणि उद्यान में दर्शकों द्वारा किसमस डे दिनांक 25 दिसम्बर, 2022 को भव्य रूप से मनाया गया।

प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा किसमस डे के लिए विशेष इन्तजाम किये गये थे। दर्शकों/बच्चों ने प्राणि उद्यान की बाल रेल पर सैर की। बच्चे विभिन्न वन्य जीवों को देख काफी उत्साहित थे। बच्चों द्वारा बताया गया कि प्राणि उद्यान में आकर उन्होंने खूब मनोरंजन किया, खासतौर पर बाल रेल पर। बच्चों ने झूलों पर झूला झूलने का आनन्द लिया। दर्शकों द्वारा गुलदाउदी, डहेलिया एवं विभिन्न फूलों–फुलवारियों के साथ फोटो भी खूब खीची गयी। दर्शकों द्वारा बोटिंग पॉण्ड में पैडल बोटिंग का भी आनन्द लिया गया। मुख्य प्रवेश द्वारा एवं डालीबाग प्रवेश द्वार के समीप स्थित प्राणि उद्यान की पार्किंग पूरी तरह से भरी हुई थी। दर्शकों द्वारा बताया गया कि प्राणि उद्यान के दोनों गेटों पर पार्किंग होने से उन्हें काफी राहत मिली है। दर्शकों द्वारा पार्किंग की काफी सराहना की गयी। दर्शकों ने फूड कोर्ट में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनन्द लिया। दर्शकों द्वारा शेर, जेब्रा, जिराफ, हिरन के मॉडल के साथ भी खूब फोटों खीचें गये। प्राणि उद्यान द्वारा बुजुर्गों एवं विकलांगों हेतु व्हील चेयर निःशुल्क उपलब्ध करवायी गयी जिससे उन्हें प्राणि उद्यान का भ्रमण करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

दिनांक 24.12.2023 की शाम को वन्य जीव विनिमय के तहत एक बब्बर शेर (बालाराम) तिरूपति प्राणि उद्यान, आन्ध्र प्रदेश से नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ डा0 अशोक कश्यप, वन्य जीव चिकित्सक, प्राणि उद्यान अपनी टीम के साथ सकुशल लेकर आ गए। इस बब्बर शेर की उम्र लगभग 6–7 वर्ष है। तिरूपति प्राणि उद्यान से आये उक्त बब्बर शेर को बब्बर शेर के बाड़े में वन्य जीव चिकित्सकों एवं कीपरों की निगरानी में अलग रखा गया है।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ